प्रेषक,

मोहन कुमार,
विशेष न्यायाधीश (पाक्सो अधिनियम),
जनपद–अम्बेडकर नगर।

प्रेषिती,

आदरणीय महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा– माननीय जनपद न्यायाधीश,
अम्बेडकरनगर।

विषयः–नवपरिभाषित अंशदायी पेंशन (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) के स्थान पर **पुरानी पेंशन योजना (OLD PENSION SCHEME) का विकल्प** अनुमोदित कर अपेक्षित आदेश निर्गत किए जाने के संबंध में।

आदरणीय महोदय,

उपर्युक्त विषयक् संदर्भ में माननीय न्यायालय को सादर अवगत कराना है कि मैंने उ0प्र0 प्रदेश लोक सेवा आयोग, इलाहाबाद की विज्ञप्ति सं0 ए–2/ई–1/2003 दिनॉकितः–15.11.2003 के तहत उ0प्र0 राज्य न्यायिक सेवा परीक्षा, 2003 के आधार पर उ0प्र0 शासन, नियुक्ति अनुभाग–4 के शासनादेश सं0–2430/दो–4–06–32(1)/2001टी.सी.–1 दिनॉकितः 26.05.2006 के माध्यम से निर्गत नियुक्ति–पत्र के अनुसार व्यवहार न्यायाधीश (अवर वर्ग) के पद पर नियुक्त होकर माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की अधिसूचना सं0 1195/डी0आर0(एस)/2006 दिनॉकितः 13.06.2006 के अनुपालन में जनपद न्यायालय–गाजीपुर में दिनॉकः 16.06.2006 को अपर व्यवहार न्यायाधीश (अवर वर्ग), गाजीपुर के पद पर पदभार ग्रहण किया था। वर्तमान समय में मैं विशेष न्यायाधीश (पाक्सो अधिनियम), अम्बेडकरनगर के पद पर कार्यरत हूँ तथा नवपरिभाषित अंशदायी पेंशन (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) से आच्छादित हूँ।

महोदय, मैं उत्तर प्रदेश शासन के वित्त(सामान्य) अनुभाग–3 द्वारा निर्गत शासनादेश सं0 14/2024/सा–3–243/दस–2024/301(1)/2024 दिनॉकितः–28.06.2024 तथा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा निर्गत पत्र सं0 9691/IV-F-82(Pension)/Admin.(A) Dated; 16 July, 2024 के अनुक्रम में वर्तमान नवपरिभाषित अंशदायी पेंशन (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली) के स्थान पर **पुरानी पेंशन योजना (OLD PENSION SCHEME) का विकल्प चयनित करता हूँ।** मेरे द्वारा पुरानी पेंशन योजना **(O.P.S.)** का चयनित यह विकल्प अन्तिम विकल्प समझा जाए।

अतः आदरणीय महोदय से विनम्र अनुरोध है कि उ0प्र0 शासन के वित्त (सामान्य) अनुभाग–3 द्वारा निर्गत शासनादेश सं0 20/2024/सा–3–276/दस–2024/301(1)/2024 दिनॉकितः–11.07.2024 के अनुपालन में निर्धारित प्रारूप पर इस पत्र के साथ संलग्न मेरे विकल्प–पत्र को माननीय न्यायालय के समक्ष अनुमोदन हेतु व अनुमोदन के पश्चात् अपेक्षित आदेश निर्गत किये जाने हेतु समावेदित करने की कृपा करें।

सम्मान् सहित!

दिनॉकः–20.07.2024

भवदीय

मोहन कुमार

मोहन कुमार 20/7/2024
(ID No.UP6416)
विशेष न्यायाधीश(पाक्सो अधिनियम),
जनपद–अम्बेडकरनगर।

संलग्नकः

1. विकल्प–पत्र यथोपरि।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, अम्बेडकरनगर

पत्रांकः–979/XV/6A/ जिला जज/अम्बेडकरनगर/दिनॉकः 22 जुलाई, 2024

अग्रसारित

R Singh

जनपद न्यायाधीश
अम्बेडकरनगर